# रेल स्प्रिंग फैक्ट्री में गैस रिसी, 5 झुलसे



नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 5 फरवरी. ग्वालियर के सिथौली स्थित रेलवे स्प्रिंग फैक्ट्री में गैस रिसाव से पांच कर्मचारियों की तबियत बिगड़ गई और वह मूर्छित हो गये. यह गैस रिसाव बायलर से हुआ और यह कर्मचारी वहीं काम कर रहे थे. गैस से बायलर क्षेत्र में आग भी भड़क गई.**

आग को दमकल दस्ते की मदद से काबू में कर लिया गया. रेलवे स्प्रिंग फैक्ट्री में गैस रिसाव की जानकारी लगते ही फैक्ट्री के अधिकारी व बचाव दल के सदस्य वहां पहुंचे और पहले गैस रिसाव रोकने की कार्रवाई कर तत्काल गैस से प्रभावित हुये पांचों कर्मचारियों को नजदीक के आईटीएम हास्पीटल में भर्ती कराया गया है. रेलवे स्प्रिंग फैक्ट्री में बॉयलर गैस रिसाव में कौशल श्रीवास्तव, योगेश कॉन्ट्रैक्ट एम्प्लॉई, शब्बीर कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी, हेमंत चैबे टेक-एमडब्ल्यू, अमर सिंह प्राइवेट एम्प्लॉई की तबियत झुलसने व गैस प्रभाव से प्रभावित हुई हैं.

> सभी को अर्द्धमूर्छित अवस्था में चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है. जहां चिकित्सक उनके उपचार में लगे हैं. डीआरएम अनिरूद्ध कुमार ने बताया कि रेल स्प्रिंग फैक्ट्री में एन्युअल मेंटीनेंस के दौरान यह हादसा हुआ. घायल हुये चार कर्मचारी मेसर्स ताईकिशा कान्ट्रेक्टर कंपनी व एक रेलवे सेवा से जुड़े हुये है और सभी का आईटीएम हास्पीटल में इलाज चल रहा है और उनकी स्थिति स्थिर है. उन्होंने बताया कि घटना की जांच के आदेश दे दिये गये हैं. वहीं पीआरओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि जांच में दोषी पाये जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी. स्प्रिंग फैक्ट्री के अधिकारी बायलर स्थल पर निगाह बनाये हुये है. जिला प्रशासन के अधिकारी कारखाने में ही मौजूद हैं.

## सिलेंडर फटा, 5 घायल

**भिंड.** मालनपुर के तिलोरी में घरेलू गैस सिलेंडर फटने से पांच लोगों के घायल होने की सूचना प्राप्त हुई है। जिन्हें परिचितों व परिजनों द्वारा द्वारा ग्वालियर हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया है.

## अवैध कब्जे पर एफआईआर का आदेश

**जबलपुर.** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी डीपी सूत्रकार की अदालत ने तीन दशक पुरानी रजिस्ट्री के मकान में अवैध कब्जे पर एफआईआर का आदेश पारित किया है। अदालत ने बरगी पुलिस को निर्देशित किया है कि तीन दिन में एफआईआर दर्ज कर उसकी प्रति अदालत में प्रस्तुत की जाए। मामले की अगली सुनवाई नौ फरवरी को नियत की गई है। आवेदक जबलपुर निवासी प्रकाश कुमार रिझवानी की ओर से अधिवक्ता बृजेंद्र सिंह बघेल व लोकेश मिश्रा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आवेदक की मां उमा देवी ने ग्राम तिनसीए बरगी की भूमि पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय की थी। इसके बाद सीमांकन कराया। साथ ही चार कमरों का खपरैल वाला मकान बनाया.

# ट्रेलर ने बाइक सवार दंपती को रौंदा

- दोनों की मौके पर मौत, नेशनल हाईवे जाम



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 5 फरवरी. जिले के बरगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ोखर गांव में आज दिन गुरूवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई. हादसा बड़ोखर गांव स्थित पेट्रोल पंप के समीप उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार कोयला लदे ट्रेलर वाहन ने बाइक को कुचल दिया.**

मृतकों की पहचान बलिराम साकेत और उनकी पत्नी सुनीता साकेत के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार दोनों शाम करीब 5 बजे कसर की ओर से अपने घर बड़ोखर जा रहे थे.

> बताया जा रहा है कि दंपती की बेटे की शादी होने वाली थी, जिससे परिवार में खुशी का माहौल था, लेकिन इस हादसे ने सब कुछ बदल दिया. घटना की खबर फैलते ही ग्रामीणों और परिजनों में भारी आक्रोश फैल गया. ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और मुआवजे व कार्रवाई की मांग को लेकर नेशनल हाईवे पर चक्काजाम कर दिया. जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई. सूचना मिलते ही बरगवां थाना निरीक्षक मो. समीर, मोरवा निरीक्षक कपूर त्रिपाठी तथा गोरबी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रुद्र प्रताप सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस अधिकारियों द्वारा आक्रोशित ग्रामीणों को समझाइस दी जा रही है और जाम खुलवाने के प्रयास किए जा रहे हैं. पुलिस ने ट्रेलर वाहन को जब्त कर लिया है और जांच शुरू कर दी गई है.

# महुआगांव में बाधित रास्ते पर चला बुलडोजर

**हाईकोर्ट के निर्देश पर राजस्व विभाग ने की कार्रवाई**



**सरई, 5 फरवरी. स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआ गांव में अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन का बुलडोजर चलाया.**

बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई हाईकोर्ट के आदेश के तहत की गई. जिस भूमि से अतिक्रमण हटाया गया, वह शासकीय भूमि थी और वर्षों पहले सार्वजनिक रास्ता हुआ करता था, जिस पर बाद में मकान का निर्माण कर लिया गया था. प्रशासन द्वारा पूर्व में मुनादी एवं नोटिस देने के बाद आज सख्त कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण हटवाए गए. इस कार्रवाई में तहसीलदार सरई वित्त निवास अमित मिश्रा की अगुवाई में राजस्व निरीक्षक लालमणि सिंह, पटवारी अरुण शुक्ला, सतेंद्र साहू व अन्य मौजूद रहे. इधर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस फोर्स के साथ टीआई सरई जितेंद्र भदौरिया उप निरीक्षक विनय शुक्ला एवं सैकड़ों की संख्या में पुलिस बल तैनात रहा.

## ग्रामीणों और पुलिस टीम पर फायर करने वाले लुटेरे गिरफ्तार

**रतलाम.** दो वर्ष पूर्व पेट्रोल पंप लूटने की योजना बनाते समय ग्रामीण पर फायर करने और पिछले वर्ष पुलिस टीम के ऊपर फायर करने वाले दो फरार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपियों से देसी कट्टा भी बरामद किया है. मुखबीर की सूचना पर दो वर्ष पूर्व भोजाखेडी मगरे स्थित पेट्रोल पंप पर लूट डकेती की योजना बनाते समय ग्रामीणजनों के पहुंचने पर उनके उपर फायर करने वाले व पिछले वर्ष ताजली रोड स्थित खेत पर पुलिस के उपर फायर करने वाले फरार आरोपी कालु उर्फ शम्भु निवासी झालावाड राजस्थान को पकड़ा.

# फ्रांस की बेटी शार्लोट ओलानियां बनी सिंगरौली की बहू

- होटल सिंगरौली पैलेस बना अंतरराष्ट्रीय शादी का साक्षी
- विदेशी मेहमानों में उत्साह, रिश्तों का अनोखा संगम



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 5 फरवरी. जिला मुख्यालय बैढ़न स्थित होटल सिंगरौली पैलेस इन दिनों एक ऐसी ऐतिहासिक और अनोखी शादी का गवाह बनने जा रहा है, जिसने प्रेम को सीमाओं से परे साबित कर दिया है.**

सात समुंदर पार फ्रांस से आई युवती शार्लोट ओलानियां अपने पूरे परिवार के साथ सिंगरौली पहुंची हैं, जहां वह भारतीय संस्कृति, परंपरा और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सिंगरौली के युवक संदीप कुमार सिंह के साथ आज दिन गुरूवार की शाम सात फेरे लेकर जीवनभर के बंधन में बंधेंगी. इस अंतरराष्ट्रीय विवाह को लेकर न केवल दोनों परिवारों में खुशी का माहौल है, बल्कि पूरे जिले में इसे लेकर उत्सुकता और चर्चा का माहौल बना हुआ है. जानकारी के अनुसार फ्रांस के ओलां निवासी शार्लोट ओलानियां का विवाह बेल्जियम में कार्यरत एवं सिंगरौली के पंचखोरा रोड निवासी संदीप कुमार सिंह से हो रहा है.

> संदीप कुमार सिंह के पिता स्व. रमेश कुमार सिंह हैं. विवाह समारोह बैढ़न स्थित प्रतिष्ठित होटल सिंगरौली पैलेस में पारंपरिक हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भारतीय संस्कृति की झलक साफ दिखाई दे रही है. विवाह की रस्में पूरे उत्साह और पारंपरिक रीति से संपन्न हो रही हैं. बीते दिन बुधवार को हल्दी की रस्म हर्षोल्लास के साथ मनाई गई, जिसमें दोनों परिवारों के सदस्यों ने पारंपरिक गीत-संगीत के बीच दूल्हा-दुल्हन को हल्दी लगाकर शुभकामनाएं दीं.

### एक नजर में

## लो वोल्टेज की समस्याओं से मिलेगी राहत

**पांढुरना,5 फरवरी.** जिले के प्रभारी तथा प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा पांढुरना जिले को पहले 10 एमवीए पावर के ट्रांसफार्मर की सौगात दी है. इस उच्च क्षमता वाले एमवीए ट्रांसफार्मर को विभाग के अधिकारियों की निगरानी में जूनेवानी ग्राम के 33/11 के.व्ही.में सफलतापूर्वक चार्ज कर क्रियाशील किया गया. जिससे अब क्षेत्र के 14 ग्रामों के 3614 घरेलू एवं 1199 कृषकों को कम वोल्टेज एवं ओवरलोडिंग की समस्या से राहत मिलेंगी. गौरतलब हो कि बीते दिनों जिले के प्रभारी तथा प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के पांढुरना प्रवास पर आने के दौरान नगरीय सीमा से लगे ग्राम लेंढोरी,मरकवाडा कामठी कला,उमरी खुर्द,जुनेवानी आदि क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने मंत्रीजी से भेट कर इनके क्षेत्र में आए दिन होने वाले लो वोल्टेज के कारण यह किसान अपने खेतों में अंकुरित फसलों की सिंचाई तक नहीं कर पाते है,जिससे इन किसानों की फसलें खेतों सुख जाती है,इसी के चलते इस क्षेत्र के किसानों की आर्थिक स्थिति दिनों दिन कमजोर होने की बात कहीं इसी तरह पूरी रात में भी बिजली बंद रहने से इनके बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने से उनका भविष्य भी अंधकारमय होने की बात बताई थी . इन किसानों तथा ग्रामीणों की बातों को ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा बड़े ही गंभीरता से सुनते हुए मंत्री जी द्वारा क्षेत्र के ग्रामीणों की इस वर्षों पूरानी समस्या का शीघ्र ही निराकरण कराने का आश्वासन भी दिया था,मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा इस क्षेत्र के कृषकों तथा ग्रामीणों की इस समस्या का स्थाई निराकरण कराने हेतू पांढुरना जिले में पहला 10 एमवीए के उच्च क्षमता वाला विद्युत ट्रांसफार्मर इस क्षेत्र में लगाने की सौगात दी गई . बीते दिनों यह 10 एमवीए क्षमता का विद्युत ट्रांसफार्मर आते ही मंत्री जी के निर्देशानुसार इस ट्रांसफार्मर को नगरीय सीमा से लगे ग्राम जूनेवानी के 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र में अधीक्षक अभियंता सुनील सिन्हा के मार्गदर्शन में कार्यपालन अभियंता वरूण सारस्वत, एस.टी.सी.कार्यपालन अभियंता भूपेंद्र चौरसिया,सहायक अभियंता राधेश्याम डावर,कनिष्ठ अभियंता सुशांत सोनल तथा कनिष्ठ अभियंता अभिनव भारती की उपस्थिती में विभाग के कर्मचारियों द्वारा सफलतापूर्वक स्थापित किया गया। 10 एमवीए के विद्युत ट्रांसफार्मर को अधिकारियों की मौजूदगी में सफलतापूर्वक चार्ज कर क्रियाशील किया गया,जिससे अब इस क्षेत्र की कम वोल्टेज एवं ओवरलोडिंग की समस्या का पूरी तरह स्थाई समाधान होगा जिससे उपभोक्ताओं को निरंतर सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति उपलब्ध होंगी।

## अर्जित अवकाश व समयमान वेतनमान का लाभ दें

**जबलपुर, 5 फरवरी.** हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने एक याचिका का इस निर्देश के साथ निराकरण कर दिया कि याचिकाकर्ता को अर्जित अवकाश व समयमान वेतनमान का लाभ प्रदान किया जाए। इसके लिए 90 दिन की मोहलत दी गई है. याचिकाकर्ता सतना निवासी सहायक शिक्षक रामजी पांडे की ओर से अधिवक्ता दिनेश कुमार तिवारी व सुमित्रा तिवारी ने पक्ष रखा. उन्होंने दलील दी कि आठ मार्च 2019 के राज्य शासन के परिपत्र के अनुसार 300 दिवस का अर्जित अवकाश दिए जाने का प्रावधान है, लेकिन संबंधित शिक्षक को मात्र 22 दिवस का अवकाश दिया गया. वहीं 14 जुलाई 2023 के शासन नियमों के अनुसार 35 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ भी नहीं दिया गया.



## यूजीसी के विरोध में सवर्ण समाज ने निकाली दंडवत रैली

**भिण्ड.** फूप कस्बे में यूजीसी को काला कानून बताते हुए इसके विरोध में परशुराम सेना व सवर्ण समाज द्वारा भदाकुर तिराह से नगर परिषद कार्यालय तक एक किमी दण्डवत रैली निकाली गई. इस दौरान यूजीसी कानून को वापस लिए जाने की मांग की गई एवं राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया.

# एसीएस-डीजीपी से हलफनामे में मांगा जवाब

## सागर जिले के पुलिस थानों के स्टिंग ऑपरेशन मामले में कोर्ट सख्त

**जबलपुर, 5 फरवरी. मप्र हाईकोर्ट ने सागर जिले में पुलिस थानों का स्टिंग ऑपरेशन करने वाले पत्रकारों द्वारा उजागर की गई अनियमितता के मामले में गृह विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी व डीजीपी को हलफनामे पर कार्रवाई के संबंध में जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं.**



मामले पर गुरुवार को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से मामले से जुड़े वीडियो व ऑडियो रिकॉर्डिंग भी पेश की गई, जिसे रिकॉर्ड पर लेते हुए जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस आरसीएस बिसेन की युगलपीठ ने उक्त निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 20 फरवरी को निर्धारित की है।

दरअसल 30 नवंबर 2025 को स्टिंग ऑपरेशन के आधार पर सागर के चार पुलिस थानों से अवैध रूप से शराब, ड्रग्स, स्पा सेंटरों मे देह व्यापार का संचालन को लेकर अखबारों में खबर प्रकाशित की गई थी। पत्रकारों ने पुलिस थाना गोपालगंज, मकरोनिया, मोती नगर एवं बहेरिया में किया गया स्टिंग किया था,

> याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता पुष्पेंद्र कुमार शाह ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि लोकतांत्रिक देश में जिन पर कानून की रक्षा करने का दायित्व है उन्हीं अधिकारियों द्वारा कानून को हाथ में लेकर अवैध कार्य किया जा रहा है। याचिका में मांग की गई कि इस मामले में स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जाए व दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाये। सुनवाई पश्चात न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## प्लानटेंशन के निदाई के आड़ में दो बीटो में लाखों का खेला

**सिंगरौली.** वन परिक्षेत्र बैढ़न के बीट बरहपान एवं उर्ती में प्लानटेंशनों के द्वितीय एवं तृतीय निदाई एवं साफ-सफाई में व्यापक खेला किये जाने का मामला सामने आ रहा है. यह गड़बड़ झाला कुछ दिनों पूर्व वन परिक्षेत्र अधिकारी के मिलीभगत से हुआ है. सूत्रों ने बताया एनसीएल से वन परिक्षेत्र बैढ़न के बीट उर्ती व बरहपान में आरडीएफ एवं एनपीएन के तहत प्लानटेंशन के द्वितीय एवं तृतीय की साफ-सफाई नहीं कराई और यदि कराई भी गई है तो महज खानपूर्ति तक सीमित है। सूत्र बता रहे हैं कि उर्ती बीट के आरएफ क्रमांक 415,417 में एनपीएन एवं 416 में आरडीएफ के तहत प्लानटेंशन के लिए राशि मिली थी.

# मंदिर से दानपेटी व आभूषण ले उड़े बदमाश

- सिंहासा गांव में वारदात, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

**इंदौर, 5 फरवरी. चंदन नगर थाना क्षेत्र के सिंहासा गांव स्थित प्राचीन राम मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर दानपेटी सहित भगवान के कीमती आभूषण चोरी कर लिए.**



सुबह मंदिर खुलने पर घटना का खुलासा हुआ, जिसके बाद पूरे गांव में आक्रोश फैल गया. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी. मंदिर के पुजारी नरेंद्र पाठक ने पुलिस को बताया कि रोज़ की तरह सुबह पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे तो मंदिर का मुख्य ताला टूटा मिला. भीतर रखी दानपेटी गायब थी और भगवान राम के श्रृंगार में उपयोग होने वाले सोने-चांदी के आभूषण भी नहीं थे. उन्होंने कहा कि भक्तों की आस्था पर यह सीधा हमला है और मंदिर में वर्षों से जमा चढ़ावे को चोर ले गए. घटना की गंभीरता को देखते हुए चंदन नगर पुलिस ने मौके पर फॉरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य जुटाए. प्रारंभिक जांच में मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में संदिग्धों की गतिविधियां कैद होने की जानकारी सामने आई है. चंदन नगर थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है, और फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है. वरिष्ठ अधिकारियों ने भी घटना स्थल का मौका मुआयना किया है.

# जेयू के आर्यभट्ट छात्रावास में हुई मारपीट, केस रैंगिंग कमेटी को सौंपा

**ग्वालियर, 5 फरवरी. जीवाजी विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट छात्रावास में छात्रों के बीच मारपीट हो गई. इसमें एक छात्र को गंभीर चोटें आयी है. उसे उपचार के लिये अस्पताल जाना पड़ा है.**




पीड़ित छात्र ने मारपीट करने वालों के छात्रों की पुलिस से शिकायत कर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की गयी है. बताया गया है कि बीकॉम-एलएलबी 10वें सेमेस्टर के छात्र सुधांशु अष्ठाना के साथ फार्मेसी के छात्र सौरभ गुर्जर, निखिल कुशवाह, गौरव जाट, सीरम तिवारी सहित अन्य छात्रों ने मारपीट की. सुधांशु के मुताबिक छात्रावास के बाहर विवाद के दौरान सभी ने मिलकर लात-घूंसे से उसकी जमकर पिटाई की गई जिससे उसे गंभीर चोटें आयी है. जानकारी मिलते ही प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने कुलगुरू को पूरे मामले से अवगत कराया. इसके बाद कुलगुरू ने फार्मेसी संस्थान से मारपीट में शामिल बताये गये छात्रों की पूरी जानकारी मांगी है. पीड़ित छात्र ने बताया है कि छात्रावास में इस तरह की घटनायें पहले भी होती रही है लेकिन सख्त कार्यवाही नहीं होने से ऐसे मामले नहीं रूक रहे.

**आगमन** भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का उज्जैन में जोरदार स्वागत

# बाबा महाकाल की नगरी में ऊर्जा मिली : टेलर

**उज्जैन, 5 फरवरी. युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के स्वागत कार्यक्रम शहर में प्रवेश करते हुए शुरू हो गया. दो तालाब से शुरू हुआ स्वागत का यह क्रम हर एक मंच पर चलता रहा.**



बता दें शहर सिर्फ बैनर और पोस्टरों से पट गया था. जिधर देखो उधर सिर्फ पोस्टर और बैनर ही दिखाई दे रहे थे. भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर गुरुवार दोपहर 2.30 बजे शाजापुर से उज्जैन पहुंचे. प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर स्वागत से काफी अभिभूत हुए. अपने उद्बोधन में प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने कहा कि उज्जैन आकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हुई. यह बाबा महाकाल की नगरी है, जहां सभी को उनका आशीर्वाद मिलता है यहां आकर उन्हें काफी ऊर्जा मिली. उन्होंने उज्जैन में मिले आत्मीय स्वागत के लिए सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया. साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में युवा मोर्चा लगातार सक्रिय रूप से कार्य करता रहेगा.

> उज्जैन आगमन पर उन्होंने विक्रम विश्वविद्यालय में आयोजित बजट चर्चा कार्यक्रम में सहभागिता की. इसके पश्चात नानाखेड़ा चौराहे से पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भव्य रैली का शुभारंभ हुआ. रैली विभिन्न मार्गों से होते हुए दो तालाब पहुंची, जहां प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी जयंत गरुड़ द्वारा स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया.

## विवाहित पुत्री की अनुकंपा नियुक्ति की शिकायत दूर करें

**जबलपुर, 5 फरवरी.** हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने एक याचिका का इस निर्देश के साथ निराकरण कर दिया कि विवाहित पुत्री की अनुकंपा नियुक्ति की शिकायत दूर करें। याचिकाकर्ता बुधनी निवासी कलावती की ओर से अधिवक्ता आनंद शुक्ला ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता के पिता स्वण् राम निवास बैगा एसईसीएल में स्थायी कर्मी थे। धनपुरी यूजी कोलियरी में हेल्पर के पद पर पदस्थ रहने के दौरान 12 सितंबर, 2005 को उनकी मृत्यु हो गई। जिसके बाद 30 अप्रैल 2008 को अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया गया.

# 2 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

**जबलपुर, 5 फरवरी. नगर निगम द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के नेतृत्व में शहर भर में बड़े पैमाने पर विकास के कार्य कराये जा रहे हैं.**



इन्हीं विकास कार्यो की श्रृंखला में गुरूवार को उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के 4 वार्डों में 2 करोड़ 25 लाख रूपये के विकास कार्यों का महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ,विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने कन्याओं से भूमिपूजन कराया. भूमिपूजन के बाद क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ निर्माण कार्य शुरू कराया गया. इन वार्डों में क्रमश: महात्मा गांधी, स्वामी दयानंद सरस्वती, पं. भवानी प्रसाद तिवारी, एवं सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड शामिल हैं. इस लागत से चारों वार्ड में सुन्दर व्यवस्थित डामलीकृत सड़कों, नाला-नालियों के निर्माण कार्यो के साथ वायु गुणवत्ता में व्यापक सुधार लाने सड़क किनारे पेवर ब्लॉक लगाए जाएंगे. इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि शहर के देवतुल्य नागरिकों की सेवा ही हमारा संकल्प है. इन्ही संकल्पों के तहत् शहर में बड़े पैमाने पर विकास के कार्य लगातार कराये जा रहे हैं.